हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 अगस्त 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर]

06 5 सितंबर को काली पट्टी बांधकर काम करने का...



07 भाई की कलाई पर सजी बहनों की राखियां, मिष्ठान...



भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व धूम-धाम से मनाया गया

'बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है'







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन उत्साह से मनाया

बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी स्नेह की डोर, बाजारों में दिनभर रही चहल-पहल

भाई बहन के अटूट स्नेह व प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार नगर सहित अंचल के ग्रामों में बड़े धूम-धाम से मनाया गया। घर- घर में बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई व आरती उतारते हुए रक्षा का वचन भाई से लिया। इस दौरान भाईयो ने भी अपनी बहनो को कई उपहार भेंट किये। शुक्रवार को नगर में रक्षाबंधन के पर्व को लेकर सुबह से देर शाम तक बाजारो में खासी रोनक छाई रही मिठाई ,साड़ी,कपडे, आभूषण व उपहार की दुकानो पर खासी भीड़ लगी रही तथा लोगो ने जमकर खरीददारी की। बढ़ती मंहगाई के बावजुद इस पर्व को लेकर छोटे बच्चो से लगाकर बडे तक में खासा उत्साह देखा गया। बहनों द्वारा शुभ मुहूर्त में अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे। बहनो ने भाईयो के मस्तक पर तिलक लगाकर आरती उतारी व मुँह मीठा करवाया व उन्हे श्रीफल व मिठाई भेंट की। इसी के साथ अपनी भाभी व ननद को भी राखी बांधी गई। रक्षा बंधन पर्व पर नगर के विभिन्न मंदिरो में भी भक्तो ने भगवान को राखी भेंट की। नगर के प्राचीन श्री बडा गणेश मंदिर पर भी भगवान गजानंद को भक्तो व मंदिर पूजारी द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया वही प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, माँ बगलामुखी मन्दिर, श्री नाथ मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में भक्तो द्वारा भगवान को राखी भेंट कर परिवार में सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई।

कानड़। भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए।

शुभ मुहूर्त में हुआ राखी का पर्व: रक्षाबंधन पर अधिकांश परिवारों में दोपहर डेढ़ बजे से शाम तक शुभ मुहूर्त के अनुसार राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा। बहनों ने पूजन की थाली सजाकर उसमें रोली, कुमकुम, अक्षत, दीपक, मिठाई और आकर्षक राखियां रखीं। इसके बाद भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और उनकी कलाई पर राखी बांधी। मिठाई खिलाकर बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को दक्षिणा और मनपसंद उपहार देकर इस रिश्ते की खुशियां दोगुनी कर दीं।

बाजारों में सुबह से रही रौनक: रक्षाबंधन को लेकर पिछले कई दिनों से सजे बाजारों में शुक्रवार को सुबह से ही रौनक दिखाई दी। राखी,





मिठाई, उपहार और सजावटी सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों ने लोगों को आकर्षित किया। बच्चों में भी राखियों और उपहारों को लेकर खासा उत्साह नजर आया।दूर-दराज से घर पहुंचे भाई-बहन रक्षाबंधन के अवसर पर दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले कई भाई-बहन भी अपने परिवारों के बीच पहुंचे। घरों में बहनों द्वारा भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के साथ पारिवारिक मिलन का दौर चलता रहा। नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर-घर पर्व का उत्साह देखने को मिला।

जिला जेल में राखी का भावुक पर्वः

800 बंदियों को बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र, अपराध छोड़ने का दिलाया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

रक्षाबंधन पर्व पर जिला जेल मंदसौर में भावनात्मक माहौल देखने को मिला। जेल में निरुद्ध करीब 800 बंदियों की कलाई पर उनकी बहनों ने राखी बांधकर उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर लगभग 1500 बहनें अपने भाइयों से मिलने जिला जेल पहुंचीं। रक्षाबंधन के अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे बहनें अपने भाइयों से सहजता से मिल सकें। सुबह से ही जेल परिसर के बाहर बहनों और परिजनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वर्षों बाद अपने भाइयों से मिलने पहुंची कई बहनें भावुक हो गईं और उनकी आंखें नम हो उठीं। राखी बांधने के दौरान बहनों ने अपने भाइयों से वादा लिया कि वे भविष्य में अपराध की राह छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे और अच्छा जीवन व्यतीत करेंगे। बंदियों ने भी बहनों को विश्वास दिलाया कि वे जेल से बाहर निकलने के बाद सकारात्मक जीवन जीने का प्रयास करेंगे। जेल प्रशासन ने बताया कि रक्षाबंधन जैसे पर्व पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने के साथ-साथ बंदियों के मन में सुधार और आत्मचिंतन की भावना भी जागृत करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे तथा बंदियों और उनके परिजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। रक्षाबंधन के इस विशेष आयोजन ने जेल परिसर को भावनाओं और पारिवारिक स्नेह से सराबोर कर दिया, जहां बहनों के प्रेम और विश्वास ने बंदियों को नई दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

लापरवाही पड़ेगी भारी

नदी के तेज बहाव के समीप पहुंचकर ले रहे सेल्फी



नलखेड़ा। गत दिनों हुई वर्षा के बाद लखुंदर नदी का जल स्तर बढ़ गया है साथ ही बहाव भी काफी तेज हो गया है। नागरिक नदी के तेज बहाव के समीप जाकर फ़ोटो सेशन करवाने के साथ ही सेल्फी ले रहे है, ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। प्रशासन को ऐसे इंतजाम किए जाना चाहिए कि कोई भी नदी किनारे नही जा पाए। गत दिनों हुई वर्षा के बाद लखुंदर नदी का जल स्तर बढ़ने के साथ ही इसके पानी का बहाव काफी तेज हो गया है। विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित स्टॉपडेम से गिरते पानी का नजारा देखने बाहर से आये दर्शनार्थियों के साथ ही स्थानीय नागरिक भी पहुंच रहे है। जिनमे से कई दुस्साहस कर नदी के किनारे पानी के तेज बहाव के समीप पहुंचकर फ़ोटो सेशन करवाने के साथ ही सेल्फी ले रहे है। इन स्थानों पर काई की चिकनाई एवं घाट के पत्थर गीले होने से फिसलन बनी रहती है ऐसे में कभी भी कोई फिसल सकता है और एक बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में गुरुवार को भी प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था लेकिन शुक्रवार को भी स्थिति जस की तस बनी हुई थी और बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे पानी के तेज बहाव के समीप पहुंचकर सेल्फी ले रहे थे। प्रशासन द्वारा पूर्व में नदी किनारे जाने से रोकने एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेरिकेट्स लगा रखे थे लेकिन उन्हें अब हटा दिया गया है जिसके कारण अब किसी भी प्रकार की रोक नही रही है। प्रशासन को लोगों को नदी किनारे पानी के तेज बहाव के समीप जाने से रोकने एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाना चाहिए अन्यथा किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

रेल्वे स्टेशन के दोनों ओर उखड़ी हुई सड़क से परेशान हैं सैकड़ों ग्रामीण जन



भानपुरा /मंदसौर.। तहसील भानपुरा मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत धुंआखेड़ी से होकर गुजर रहे दिल्ली मुंबई रेलवे स्टेशन के ट्रैक के दोनों और की वर्षों पूर्व बनी डामरी कृत सड़क जर्जर होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए जिसके कारण धुंआखेड़ी एवं समीपस्त ग्रामों के ग्रामीण का इन गड्ढे भरी सड़क से होकर गुजारना बहुत ही मुश्किल हो गया है ग्रामीण चेतन धाकड़ ,आशीष श्रंगी, गिरिराज शर्मा, मोहन शर्मा, डॉक्टर बालमुकुंद नागर, लोकेश शर्मा, पिकेंश सेन ,शानू श्रंगी सहित अनेक ग्रामीण जनों ने बताया कि गड्ढे भरी सड़क को तत्काल दुरुस्त किया जाये। समाजसेवी पिंकेंश सेन ने बताया कि शीघ्र ही क्षेत्रीय विधायक गरोठ भानपुरा चंदर सिंह सिसोदिया को भी एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर सड़क को दुरुस्त करने की मांग करेगा।

समस्याओं का होगा निराकरण

आगर जिले का जिला स्तरीय जनविश्वास शिविर का आयोजन हिरणखेड़ी में आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में बालाघाट जिले में शामिल होंगे। शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण इस बार 29 अगस्त को संपूर्ण प्रदेश में जनविश्वास अभियान आयोजित होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने विभागाध्यक्ष के अलावा कलेक्टर्स और कमिश्नर सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को इस संबंध में निर्देश जारी किए है। आगर जिले का जिला स्तरीय जनविश्वास शिविर का आयोजन नलखेड़ा तहसील के ग्राम हिरणखेड़ी में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बालाघाट में जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतकर्ताओं की शिकायतें समक्ष में सुनी जाएँगी। इस दौरान बैठक और समीक्षा के साथ मीडिया संवाद तथा उद्योग संवाद भी होगा। प्रदेश के सभी जिलों में भी जन विश्वास अभियान 29 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। जनविश्वास अभियान के दौरान विभिन्न शासकीय आवासीय संस्थाएं, उदाहरणार्थ आवासीय विद्यालय, आश्रम, छात्रावास आदि का भ्रमण तथा निरीक्षण अनिवार्यतः किया जाएगा। इन संस्थाओं में रहने वाले छात्र छात्राओं और युवाओं से संवाद के साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की जाएगी। आगर जिले में जन विश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर कलेक्टर डॉ शेर सिंह मीना के निर्देशन में नलखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हिरनखेड़ी में 29 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित होकर जन समस्याओं से रूबरू होंगे और उनका मौके पर ही समाधान करेंगे शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी जावेगी। कलेक्टर डॉ मीना ने सभी जिला अधिकारियों को जन विश्वास शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों से इस शिविर का आधिकारिक लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।



चातुर्मासिक आराधना के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन

पुण्य कर्म करते हुए आत्मा को पवित्र बनाने का प्रयास करना चाहिएः रत्न निधि श्रीजी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

धर्म कर्म में भी संत का निमित्त और किसी ने किसी का आलंबन कि हमें लक्ष्य तक पहुंचना है तभी हमारा मुक्ति मार्ग हमें मिलता है। सम्यक दर्शन की प्राप्ति के बाद प्रत्येक व्यक्ति को पुण्य कर्म करते हुए आत्मा को पवित्र बनाने और तत्त्वों को समझने का प्रयास करना चाहिए। परम पूज्य विचक्षण ज्योति मालव मणि प्रवर्तिनी महोदया चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या रत्न निधि श्रीजी महाराज साहब ने महावीर जिनालय नीमच में चल रही चातुर्मासिक आराधना के दौरान सम्यक दर्शन पर प्रेरणादायी प्रवचन देते हुए यह बात कही। साध्वी रत्न निधि श्रीजी ने आलंबन और निमित्त की महत्ता समझाते हुए कहा कि धर्म कर्म में भी संत का निमित्त और किसी ने किसी का आलंबन कि हमें लक्ष्य तक पहुंचना है तभी हमारा मुक्ति मार्ग हमें मिलता है।

प्रवचन में ह्यधूप और छांवह्व चरित्र चित्रण में शील और संयम का प्रसंग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तथा वीर धवल राजा के प्रसंग के माध्यम से मोह, शील, तप और संयम की स्थिति को समझाया गया। उदयभान और वीरभान के प्रसंग मे सदैव सत्य बोलना चाहिए।तपस्या की क्रिया में पवित्रता के साथ सहभागी बनना चाहिए। धर्म सभा में कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर जिनालय श्री संघ अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया ने की। कार्यक्रम की जानकारी चातुर्मास समिति संयोजक राजमल छाजेड़ ने दी

आचार्य श्री ने कहा- चातुर्मास की मर्यादा न होती तो मैं स्वयं बचाव कार्य के लिए पहुंच जाता

नेपाल की भयानक त्रासदी ने इंसानियत को झकझोर कर रख दियाः राष्ट्र संत आचार्य डॉ. संजय मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नेपाल में अचानक आई भीषण बाढ़ और ग्लेशियर फटने से हुई भयानक तबाही पर क्रांतिकारी राष्ट्र संत आचार्य डॉ. संजय मुनि जी ने बेहद गहरा दुख और गहरी मायूसी व्यक्त की है। कुदरत के इस महाप्रकोप ने पल भर में सब कुछ तबाह कर दिया है। आचार्य श्री ने उन खौफनाक पलों का जिक्र करते हुए देवाधिदेव से प्रार्थना की है कि वे इस दुख की घड़ी में फंसे हर इंसान की रक्षा करें। आचार्य श्री ने इस त्रासदी का विस्तृत विश्लेषण करते हुए गहरी पीड़ा के साथ निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातें और चेतावनियां देश व सरकारों के सामने रखी हैं।

1. मौत का खौफनाक मंजर और 40 सेकंड की तबाही:- आचार्य श्री ने भारी मन से इमिग्रेशन ऑफिस के पास घटी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि, लोग अपनी आंखों के सामने मौत को देखकर 'बचाओ-बचाओ' चिल्लाते हुए भाग रहे थे और पानी उनके पीछे-पीछे आ रहा था। पीछे मुड़कर अपनी मौत को आते देखने वालों की मानसिक स्थिति और दर्द का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। मात्र 30 से 40 सेकंड के अंदर पूरी प्रकृति ने भयानक तबाही मचा दी।

2. बुनियादी ढांचे का सर्वनाश और दलदल:- इस बाढ़ ने सब कुछ मिटा दिया है। हाइड्रो पावर प्लांट, बड़े-बड़े पुल, मकान और दफ्तर तिनके की तरह बह गए हैं। आज वहां सिर्फ मलबा और दलदल ही दलदल बचा है। सैकड़ों की संख्या में लोग लापता हैं और हताहतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है।

3. बचाव कार्य में भारी बाधाएं (हेलीपैड का बह जाना):- रेस्क्यू ऑपरेशन में बहुत बड़ी बाधाएं आ रही हैं क्योंकि यह एक दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र है। बाढ़ के कारण हेलीपैड तक उड़ (बह) गए हैं, जिससे हेलीकॉप्टर उतारने और बचाव कार्य करने में भारी कठिनाई हो रही है।

4. भारतीय और विदेशी पर्यटकों की कोई खोज-खबर नहीं:- नेपाल के इमिग्रेशन ऑफिस और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक



और विदेशी टूरिस्ट फंसे हुए थे। अभी तक उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है, जो एक बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

5. भारत के लिए चेतावनी (यूपी-बिहार सरकारें अलर्ट रहें):- आचार्य श्री ने समय रहते चेतावनी दी है कि नेपाल की इस बाढ़ का सीधा असर भारत पर पड़ेगा। गंडक नदी और अन्य नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ेगा, जिससे बिहार और उत्तर प्रदेश में भी बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। दोनों राज्यों की सरकारें तुरंत अलर्ट मोड पर आ जाएं।

6. चातुर्मास के कारण स्वयं न पहुंच पाने की गहरी पीड़ा:- आचार्य श्री ने बेबसी और पीड़ा जताते हुए कहा कि जब भी ऐसी प्राकृतिक आपदा आती है, तो वे स्वयं अपनी संस्था और दल के साथ सबसे पहले वहां पहुंचते हैं। लेकिन वर्तमान में चातुर्मास की मर्यादा के कारण उनका वहां पहुंचना संभव नहीं है। फिर भी, वे लगातार अपने शिष्य मंडलों के माध्यम से पल-पल की जानकारी ले रहे हैं।

7. भारत सरकार और समाज सेवी संस्थाओं से अपील: भारत हमेशा से नेपाल का एक सच्चा मित्र देश रहा है और हर आपदा में सबसे पहले आगे बढ़ा है। आचार्य श्री ने माननीय प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी से आग्रह किया है कि फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए बड़े स्तर पर रेस्क्यू टीमें भेजें। साथ ही, उन्होंने सभी समाज सेवी संस्थाओं से अपील की है कि वे इस भीषण त्रासदी में राहत सामग्री और भोजन व्यवस्था के साथ आगे आएं।

भक्तों ने धर्मलाभ किया प्राप्त

कर्म सत्ता इंसान तो क्या भगवान को भी नहीं छोड़तीःडॉ अमृतरसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कर्म सत्ता किसी को नहीं छोड़ती है चाहे वह इंसान हो या भगवान सभी को पूर्व में किए हुए कर्मों को उदय में आने पर भुगतना ही पड़ते हैं। भगवान महावीर तीर्थंकर परमात्मा होते हुए भी अनेक उपसर्गों कष्टो को सहन किया है । कर्मोदय में आने पर भगवान श्री राम ने भी 14 वर्ष का वनवास सहन किया है। महिदपुर रोड राजेंद्र श्री ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा ने शुक्रवार को धर्म सभा में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए क्या बात कही। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताएं की आज की साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ मुकेश कुमार राज कोचर मावा वाला परिवार एवं स्वर्गीय लीलाबाई की स्मृति में बाबूलाल अनिल कुमार कोचर मावा वाला द्वारा प्रवचन, एवं सिद्ध तप तपस्वियों की प्रभावना का लाभ लिया गया संपूर्ण आयोजन में सकल जैन श्री संघ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

खबर संक्षेप

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का अनोखा प्रदर्शन



भौरासा। शुक्रवार को रक्षाबंधन के उपलक्ष में जहां त्योहार को लेकर पूरे नगर में रौनक बनी हुई थी तो वही महंगाई के खिलाफ पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव द्वारा एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने अपने हाथों में एक किलो शक्कर की थैली अपने हाथो मे रखी और पूरे नगर में दुकान दुकान जाकर एक-एक चुटकी भर शक्कर बाटते हुए नजर आए जिसकी पूरे नगर में चर्चा है। इस अनोखे प्रदर्शन के पीछे शक्कर की बढ़ती कीमतों को बताया जा रहा है।

अभियान के तहत आज कन्नौद में लगेगा शिविर

देवास। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 29 अगस्त शनिवार को कृषि उपज मंडी कन्नौद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के आला अधिकारी पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान स्थानीय उद्यमियों, निवेशकों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों के साथ 'उद्योग संवाद' कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म संपन्न

देवास। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म शिव मदन वैदिक पाठशाला के विद्वान पंडित डॉ. देवनायक मिश्र, सूर्य प्रकाश मिश्र, पं कपिल शास्त्री के आचार्यत्व में महासंघ अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में स्थानीय मंडी धर्मशाला में संपन्न हुआ। युवा संघ अध्यक्ष छोटू पांडे संयोजक मयंक उपाध्याय ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म प्रातः 8.30 से प्रारंभ होकर 10 विधि स्नान कर उपस्थित ब्राह्मण बंधुओ ने मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञोपवीत धारण किया। पश्चात हवन पूजन कर संस्कृत दिवस मनाया गया। इस दौरान कई विप्रजन उपस्थित थे।


ई-अटेंडेंस और टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

5 सितंबर को काली पट्टी बांधकर काम करने का निर्णय, सम्मान समारोह के बहिष्कार की चेतावनी

ई-अटेंडेंस व्यवस्था, लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा को अनिवार्य करने का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था तथा लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा को पुनः अनिवार्य किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा लागू की जा रही कुछ व्यवस्थाओं से शिक्षकों में असंतोष है। उन्होंने मांग की कि शिक्षकों की उपस्थिति का निर्धारण केवल तकनीकी माध्यम से न किया जाए, बल्कि विद्यालयीन परिस्थितियों और वास्तविक उपस्थिति को भी आधार बनाया जाए। ज्ञापन में लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की पुनः अनिवार्यता के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग भी की गई। शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभव और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में उचित निर्णय लिया जाना चाहिए।



काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य

संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं और मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक हाथ पर काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। साथ ही किसी भी प्रकार का शिक्षक सम्मान ग्रहण नहीं करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन का वाचन ज्योति वडेकर ने किया, जबकि आभार पुरुषोत्तम सिंह सिसौदिया ने माना। इस अवसर पर रजनीश पोरवाल, शेख साबिर, दिनेश चौधरी, अरुण मिश्रा, दुर्गेश जाजु, मतीन खान, अजय सिंह गौड़, लक्ष्मी माली, सुनील कुमावत, निर्मला सिंह, रागिनी त्यागी, निर्दोष तिर्की, संगीता राठौर, अनिता पंचोली सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चोरी छुपाने 400 फीट गहरी खाई में फेंककर लगाई आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिया घाट की करीब 400 फीट गहरी खाई में ट्रक गिरने और उसमें आग लगने की घटना का देवास पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब 285 क्विंटल सोयाबीन चोरी करने के बाद वारदात को छुपाने के लिए ट्रक को खाई में फेंककर आग लगाई गई थी और इसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। जानकारी अनुसार 23 अगस्त को सिया घाट पर ट्रक के खाई में गिरने एवं आग लगने की सूचना मिलने पर कन्नौद पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना में किसी व्यक्ति के घायल नहीं होने और मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने जांच शुरू की। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में कन्नौद पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम् के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य जांच के आधार पर मामले की पड़ताल की। जांच में सामने आया कि 21 अगस्त को ट्रक क्रमांक एमपी-04-एचई-4288 में 285 क्विंटल सोयाबीन भरकर हिंगनघाट, महाराष्ट्र भेजी गई थी। आरोप है कि ट्रक चालक और उसके साथियों ने करीब 19 लाख रुपए मूल्य की सोयाबीन चोरी कर ली। इसके बाद चोरी को छुपाने और झूठी दुर्घटना का रूप देने के लिए ट्रक को सिया घाट की गहरी खाई में फेंककर आग लगा दी गई। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक आरोपी रहीश पिता इसूब खां, निवासी धनना, जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी कर छुपाई गई सोयाबीन बरामद की गई है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राहुल रावत, प्रधान आरक्षक दीपक अग्निहोत्री, आरक्षक योगेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह एवं साइबर सेल के आरक्षक सोनू की भूमिका रही।

बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

कांग्रेस पार्टी के महंगाई विरोधी जनआंदोलन अभियान के तहत गुरुवार को बागली विधानसभा क्षेत्र के बागली नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। गांधी चौक चौराहा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के निर्देशन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, रसोई गैस सिलेंडर के दाम, चीनी की महंगाई और बढ़ते बिजली बिल को लेकर विरोध जताया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्जर ने कहा कि आमजन महंगाई से त्रस्त है और युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन को चीनी के पैकेट वितरित कर बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध भी दर्ज कराया। इस अवसर पर अंतरसिंह पाटीदार, मिंटू गुर्जर, रितेश भाटी, ओमप्रकाश शर्मा, आयुष यादव, तेरसिंह देवड़ा, इंद्र पंचोली, विजय यादव, अजीज मंसूरी, सुनील जायसवाल, लल्ली भाटी, अशोक शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ पुश-अप चैलेंज



देवास। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला देवास द्वारा 28 से 30 अगस्त तक आयोजित खेल गतिविधियों के अंतर्गत श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम, देवास स्थित जिम्नेजियम में "29 पुश-अप चैलेंज" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा खेल गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक पुश-अप चैलेंज में सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर युवाओं से नियमित व्यायाम एवं खेल गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम स्थित जिम के ट्रेनर अजीम शेख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेलप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भौरासा नगर में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता छोटे हनुमान चौक पर एकत्रित हुए और हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। रैली छोटे हनुमान चौक से शुरू होकर एमजी रोड और रपट मार्ग से होते हुए बड़े हनुमान चौक पहुंची। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदर्शन के दौरान ठेला गाड़ी पर गैस सिलेंडर, पेट्रोल, शक्कर सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं को रखकर प्रतीकात्मक विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की, जिससे नगर में कांग्रेस का प्रदर्शन चर्चा का विषय बना रहा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के साथ खाद्य सामग्री और शक्कर सहित आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से आमजन परेशान है। महंगाई के कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने आवश्यक वस्तुओं के दाम कम कर आमजन को राहत देने की मांग की। बड़े हनुमान चौक पर आयोजित सभा को पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व ब्राह्मणों ने किया श्रावणी कर्म



सोनकच्छ। भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन सोनकच्छ क्षेत्र में हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर अपने प्रेम और स्नेह का धागा बांधा तथा उनकी लंबी आयु, सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा परंपरानुसार श्रावणी कर्म भी विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया गया। ब्राह्मणों ने स्नान, संकल्प एवं पूजन-अर्चन कर यज्ञोपवीत (जनेऊ) का पूजन किया और विधि-विधान से नवीन यज्ञोपवीत धारण किया।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारदा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं प्रभारी विनय बाकलीवाल के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ के तत्वावधान में नगर कांग्रेस कमेटी लोहारदा द्वारा गुरुवार को महंगाई एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा एवं विरोध प्रदर्शन की तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई पर आक्रोश जताया। प

रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण, बढ़ती खाद्य वस्तुओं की कीमतों, रसोई गैस के दाम एवं आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं के हाथों में लगी तख्तियों पर "पेट्रोल में मिलावट नहीं चलेगी, एथेनॉल की मजबूरी नहीं चलेगी, बेटे के प्यार में पेट्रोल में एथेनॉल नहीं चलेगा", "भाजपा के देखो खेल, खा गए शक्कर पी गए तेल" तथा "गैस के बढ़ते दाम, जनता बेहाल, जवाब दो सरकार" जैसे नारे लिखे हुए थे। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी लोहारदा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बडी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल पुरोहित, लोहारदा नगर कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश सारदा, पूर्व जिला महामंत्री अभिषेक भट्ट, अभिषेक जोशी, योगेश पटौदी, देवेंद्र पटेल, लखन पटेल, नितिन मीणा सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की कार्रवाई, लगाया 1 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बालगढ़ रोड स्थित सिल्वर कॉलोनी में एक मकान एवं गोदाम पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख रुपए की चालानी कार्रवाई की है। साथ ही करीब 2 लाख रुपए मूल्य की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जब्त की है।निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने संबंधित मकान एवं गोदाम का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण गतिविधियों के चलते निगम द्वारा 20 अगस्त को उक्त मकान एवं गोदाम को सील किया गया था।निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से संबंधित बड़ी मात्रा में सामग्री पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण एवं उपयोग के विरुद्ध निगम का अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई के साथ सामग्री जब्त की जाएगी।कार्रवाई में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते तथा स्वच्छ भारत मिशन से शाहनवाज शेख, मिथलेश चौकसे, मुकेश सोलंकी सहित निगम की टीम मौजूद रही।

जेल की सलाखों के बीच खिला भाई-बहनों के प्यार का रंग

बहनों ने बंदी भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जेल की ऊंची दीवारें और लोहे की सलाखें उस समय मानो भाई-बहन के अटूट प्रेम के आगे छोटी पड़ गईं, जब जिला जेल देवास में रक्षाबंधन का पर्व भावुक माहौल में मनाया गया। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचीं 150 से अधिक बहनों ने अपने बंदी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। इस दौरान कई ऐसे भावुक क्षण भी सामने आए, जब भाई-बहन की आंखें नम हो गईं। जिला जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर बंदियों की बहनों को अपने भाइयों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर राखी बांधने की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई। जेल प्रशासन द्वारा मानवीयता और संवेदनशीलता के साथ बहनों एवं परिवारजनों के प्रवेश की व्यवस्था की गई। सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले रक्षाबंधन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बहनें जेल पहुंचीं।

बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, तिलक लगाया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस दौरान कई मुस्लिम बहनें भी जेल पहुंचीं और अपने भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहन के प्रेम और सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश की। रक्षाबंधन के दौरान सबसे भावुक दृश्य उस समय देखने को मिले, जब बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के साथ उनसे यह वचन लिया कि जेल से बाहर आने के बाद वे दोबारा किसी गलत कार्य या अपराध की राह पर नहीं जाएंगे। जिला जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने कहा कि बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जेल प्रशासन का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक पर्व पर बंदियों को परिवार और अपनों का स्नेह मिले, इसके लिए प्रयास किया गया।

कमलापुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



ऑपरेशन प्रहार तहत कमलापुर पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से चोरी, नकबजनी, डकैती, अवैध हथियार और मारपीट सहित 8 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज बताए गए हैं। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि करौंदिया फाटे स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लेकर मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और संदिग्ध वसील उर्फ वासिल शेख पिता अजीज शेख, उम्र 28 वर्ष, निवासी बड़ा मोहल्ला कमलापुर को हिरासत में लिया। पुलिस ने अवैध हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

जिले में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व, बाजारों में दिनभर रही रौनक

भाई की कलाई पर सजी बहनों की राखियां, मिष्ठान खिलाकर बहनों ने लिया से सुरक्षा करने का वचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को जिलेभर में हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर विशेष तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने पूजा-अर्चना के बाद भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनके सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर परिस्थिति में साथ देने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही खासा उत्साह दिखाई दिया। बहनें नए परिधान पहनकर भाइयों के घर पहुंचीं। कई परिवारों में बहनों ने थाली सजाकर विधि-विधान से भाई की आरती उतारी। राखी बांधने के बाद भाइयों ने बहनों को उपहार दिए। घर-घर में मिठाइयों का दौर चलता रहा और पर्व की खुशियां परिवारों के बीच बांटी गईं। रक्षाबंधन के चलते शहर के प्रमुख बाजारों में कई दिनों से चहल-पहल बनी हुई थी, लेकिन पर्व के दिन बाजारों में सुबह से ही भीड़ और बढ़ गई। राखी, मिठाई, कपड़े, उपहार, सौंदर्य प्रसाधन और अन्य सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों ने खास तौर पर लोगों का ध्यान खींचा। बच्चों के लिए कार्टून और विभिन्न डिजाइन वाली राखियां भी पसंद की गईं। मिठाई की दुकानों पर भी दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। लोगों ने घर ले जाने के साथ-साथ रिश्तेदारों और परिचितों के लिए भी मिठाइयों की खरीदारी की। इससे मिठाई कारोबारियों के चेहरे पर भी खुशी नजर आई।

बाजारों में बढ़ी आवाजाही से शहर की प्रमुख सड़कों और बाजार क्षेत्रों में दिनभर रौनक बनी रही। रक्षाबंधन पर भाई-बहनों के मिलने-जुलने के कारण परिवहन साधनों में भी भारी भीड़ रही। अपने मायके और ससुराल जाने वाली महिलाओं की संख्या बढऩे से बसों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में अधिक दिखाई दी। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही यात्रियों की आवाजाही बनी रही। लोग सामान और उपहार लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होते नजर आए। कई बहनें दूर-दराज के क्षेत्रों से भाइयों के घर पहुंचीं तो कई भाई भी बहनों से राखी बंधवाने के लिए उनके घर पहुंचे। पर्व के चलते सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव दिखाई दिया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर अनेक धार्मिक, ऐतिहासिक और लोक मान्यताएं प्रचलित हैं। मान्यता है कि यह पर्व भाई-बहन के बीच प्रेम और रक्षा के संकल्प का प्रतीक है।

पौराणिक कथाओं में भगवान श्रीकृष्ण और द्रौपदी से जुड़ी कथा भी रक्षाबंधन के संदर्भ में सुनाई जाती है। इसी तरह ऐतिहासिक और लोक परंपराओं में भी राखी को आपसी विश्वास, स्नेह और रक्षा के बंधन के रूप में देखा गया है। समय के साथ रक्षाबंधन की परंपरा का स्वरूप भी विस्तृत हुआ है। अब यह केवल भाई द्वारा बहन की रक्षा के संकल्प तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि भाई-बहन के पारस्परिक प्रेम, सम्मान और एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का पर्व बन चुका है। रक्षाबंधन के अवसर पर लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। भाई-बहनों ने राखी बांधने और उपहार देने के पलों की तस्वीरें साझा कर पर्व की खुशियां अपने परिचितों तक पहुंचाईं। बाजारों में भी रक्षाबंधन से संबंधित सजावट और शुभकामना संदेश आकर्षण का केंद्र बने रहे। कुल मिलाकर रक्षाबंधन ने जिले में भाई-बहन के रिश्ते की मिठास को और गहरा किया। घरों में पूजा और राखी की रस्मों से लेकर बाजारों की चहल-पहल और यात्रा की भीड़ तक, पूरे जिले में पर्व का उत्साह साफ दिखाई दिया।



एक हजार बहनों से बंधवाई राखी, सामाजिक समरसता और भाईचारे का दिया संदेश

ललितपुर । रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सदर विधानसभा क्षेत्र में इं. दीपक शर्मा ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर माताओं एवं बहनों से राखी बंधवाई और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के साथ-साथ सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।रक्षाबंधन के कार्यक्रमों की कड़ी में इं. दीपक शर्मा अपनी जन्मभूमि ब्लॉक तालबेहट के ग्राम बम्हौरीसर एवं न्याय पंचायत विरधा की सहरिया बस्ती पहुंचे। यहां उन्होंने करीब एक हजार बहनों से राखी बंधवाई। बहनों ने उत्साह और आत्मीयता के साथ उन्हें राखी बांधी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, विश्वास, सम्मान और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच अपनत्व, समानता और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारीहै।विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर माताओं एवं बहनों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बहनों का स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है और वह सदैव क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी बनने का प्रयास करते रहेंगे। रक्षाबंधन के अवसर पर विभिन्न गांवों में पहुंचकर बहनों से राखी बंधवाने और उनके साथ समय बिताने की इस पहल की क्षेत्र में चर्चा रही। स्थानीय लोगों ने इसे सामाजिक जुड़ाव, भाईचारे और समरसता को बढ़ावा देने वाला प्रयास बताया।

अलौकिक रक्षाबंधन समारोह में गूंजा आत्मिक सुरक्षा का संदेश

राखी रक्षा का बंधन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा की याद से जोड़ने वाला पवित्र बंधनः बीके चित्ररेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वरदानी भवन में रक्षाबंधन पर अलौकिक रक्षाबंधन समारोह आध्यात्मिक, आनंदमय एवं दिव्य वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहन-भाइयों ने रक्षाबंधन के बाहरी स्वरूप के साथ इसके आध्यात्मिक महत्व को समझते हुए पवित्रता, आत्मिक स्मृति और परमात्मा-संबंध का संकल्प लिया। समारोह में राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राखी केवल रक्षा का बंधन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा की याद से जोडऩे वाला पवित्र बंधन है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन आत्मिक शक्ति और श्रेष्ठ संस्कारों की रक्षा का संदेश देता है। बीके मायारानी दीदी ने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को देह नहीं, बल्कि शांत, पवित्र और शक्तिशाली आत्मा समझकर परमात्मा से संबंध जोड़ता है, तो जीवन में आने वाले अनेक दुखों से ऊपर उठने की शक्ति प्राप्त होती है।

बीके गीता दीदी ने रक्षाबंधन में तिलक के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि परमात्मा मनुष्य को आत्मा का परिचय कराते हैं और मैं कौन हूं की आत्मिक स्मृति दिलाते हैं। शुभ कार्यों में लगाया जाने वाला तिलक इसी आत्मिक पहचान और श्रेष्ठ संकल्प का प्रतीक है। रेनू बहन ने कहा कि परमात्मा की शिक्षाओं एवं ज्ञान-मुरली के माध्यम से मनुष्य अपने श्रेष्ठ संस्कारों की रक्षा कर सकता है। आत्मिक पहचान विकसित होने से जीवन में सच्ची खुशी, शक्ति और शांति का अनुभव होता है। बीके प्रीती दीदी ने आरती के आध्यात्मिक महत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि रक्षाबंधन पर आरती आत्मा के प्रति शुभभावना, पवित्र दृष्टि और देवत्व का प्रतीक है। वहीं बीके निशा बहन ने मुख मीठा कराने की परंपरा को मीठे बोल, मधुर व्यवहार और शुभ संकल्पों से जोड़ते हुए कहा कि वास्तविक मिठास हमारे व्यवहार में दिखाई देनी चाहिए। बीके रूबी दीदी ने रक्षाबंधन पर दिए जाने वाले उपहार के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा जब इस धरा पर आते हैं तो अपने बच्चों के लिए ज्ञान, योग, पवित्रता, शांति और शक्तियों की अमूल्य सौगात लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि उपहार प्रेम और आत्मिक नजदीकी का प्रतीक है। बीके प्रियंका दीदी ने सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, पवित्रता और आत्मिक भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में बीके पूजा बहन ने सुंदर कविता प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावपूर्ण शुभकामनाएं दीं। समारोह में रक्षाबंधन को केवल परंपरागत त्योहार के रूप में नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति, पवित्रता और परमात्म-स्मृति के पर्व के रूप में मनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यासागर भाई ने उपस्थित अतिथियों, बहनों एवं भाइयों का आभार व्यक्त किया। समारोह का मुख्य संदेश रहा कि राखी केवल कलाई पर बांधने वाला धागा नहीं, बल्कि आत्मा को पवित्रता और श्रेष्ठ संस्कारों से जोडऩे का संकल्प है। उपस्थित लोगों को प्रेरित किया गया कि रिश्तों को केवल देह के स्तर पर नहीं, बल्कि आत्मिक प्रेम, सम्मान और शुभभावना के साथ निभाएं तथा एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन अपने संस्कारों की रक्षा करें।

राठौर समाज ने दिव्यांग व अनाथ बच्चों को बांटी मिठाइयां



ललितपुर। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिला राठौर समाज के मंत्रिमंडल ने पनारी स्थित मदर टेरेसा होम पहुंचकर वहां रह रहे अनाथ, दिव्यांग एवं विशेष बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व सादगी और आत्मीयता के साथ मनाया। समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों के बीच समय बिताकर उन्हें अपनत्व का एहसास कराया और उनके साथ खुशियां साझा कीं।इस दौरान बच्चों को फल, बिस्कुट, मिठाइयां, राखियां एवं वस्त्र वितरित किए गए। बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाते हुए समाज के सदस्यों ने इसे आत्मीय और भावुक अनुभव बताया। बच्चों की स्थिति देखकर उपस्थित लोगों के मन में संवेदना भी उत्पन्न हुई। कई बच्चे स्वयं चलने, बैठने और खड़े होने में असमर्थ हैं, जिनकी देखभाल मदर टेरेसा होम की बहनों (सिस्टरों) द्वारा पूरी निष्ठा और सेवा भाव से की जा रही है।राठौर समाज के पदाधिकारियों ने होम में बच्चों की देखभाल और सेवा में जुटी सिस्टरों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व केवल सामाजिक आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद और असहाय लोगों की सहायता करना भी समाजसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दौरान मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। समाज जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर राठौर, महामंत्री नीलेश राठौर, कोषाध्यक्ष अरविंद राठौर बैट्री, उपाध्यक्ष इं.सुंदर सिंह राठौर, रतनलाल राठौर डोगरा, जिला प्रभारी विनोद राठौर मुनीम, रविशंकर राठौर पूर्व पार्षद, संतोष राठौर (जड़ी-बूटी), जिला ऑडिटर रघुवीर राठौर रामनगर, रामदास राठौर अस्टोन, मोहन लाल राठौर, रोहित राठौर पूर्व पार्षद आदि मौजूद रहे।

बजरंग दल कार्यकर्ता को गाली-गलौज और गोली से उड़ाने की धमकी

ललितपुर। कोतवाली ललितपुर के सामने एक व्यक्ति को कथित तौर पर गाली-गलौज करने और दो दिन के भीतर गोली से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने खुद को राष्ट्रीय बजरंग दल का कार्यकर्ता बताते हुए अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा निवासी करीब 40 वर्षीय अभिषेक पाण्डेय पुत्र मुन्नालाल पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 अगस्त की रात करीब 10.30 बजे वह कोतवाली के सामने मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान राघवेन्द्र यादव पुत्र भैरो प्रसाद यादव, जय सिंह यादव निवासी कल्याणपुरा तथा विक्रान्त मोदी पुत्र वीरेन्द्र जैन निवासी कल्याणपुरा वहां पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। अभिषेक का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी तथा दो दिन के भीतर गोली से उड़ाने की धमकी दी। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने राष्ट्रीय बजरंग दल संगठन के संबंध में भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। पुलिस को बताया कि कथित घटना की वीडियो क्लिप उसके पास मौजूद है, जिसे साक्ष्य के तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराया जा सकता है। उसने घटना को गंभीर बताते हुए स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई की है।

टहलने गया युवक लौटा तो गायब मिली मोटरसाइकिल

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में वाहन चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी बाग के सामने खड़ी की गई होण्डा शाइन मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला इलाईट चौराहा निवासी विवेक सिंह पुत्र मनोहर सिंहने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 6 अगस्त की रात करीब 8.30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से कंपनी बाग के सामने पहुंचा था। उसने अपनी बाइक वहीं खड़ी की और बाग में टहलने चला गया। कुछ देर बाद जब विवेक लौटा तो मौके पर उसकी मोटरसाइकिल नहीं थी। आसपास काफी तलाश करने के साथ ही संभावित स्थानों पर वाहन की खोज की गई, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी और अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चोरी हुई मोटर साइकिल लाल-काले रंग की है। पुलिस ने वाहन की जानकारी दर्ज की।

ललितपुर में पांच तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र बदले

गौरव तालबेहट में न्यायिक तहसीलदार जगत मोहन को महरौनी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला प्रशासन ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद के पांच तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। जिलाधिकारी के आदेश 27 अगस्त के क्रम में अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार द्वारा नवीन तैनाती के आदेश जारी किए गए हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन कार्यक्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार नवागत तहसीलदार गौरव कुमार को तहसीलदार (न्यायिक), तालबेहट के पद पर तैनाती दी गई है।

वहीं नवागतुक तहसीलदार जगत मोहन जोशी को तहसीलदार, महरौनी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में महरौनी के तहसीलदार रहे सैयद तनवीर हसन का स्थानांतरण करते हुए उन्हें तहसीलदार (न्यायिक), ललितपुर के पद पर नई जिम्मेदारी दी गई है। नवागतुक तहसीलदार अरसलान उर रशीद को तहसीलदार, पाली तथा नवागतुक तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह-1 को तहसीलदार, मड़ावारा के पद पर तैनात किया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नियमानुसार तहसीलदार (न्यायिक), तालबेहट के पद पर तैनात गौरव कुमार तथा तहसीलदार (न्यायिक), ललितपुर के पद पर तैनात सैयद तनवीर हसन को नियमानुसार न्यायिक भत्ता एवं पुस्तकालय भत्ता देय होगा। प्रशासनिक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अधिकारियों की नवीन तैनाती के बाद संबंधित तहसीलों में राजस्व एवं न्यायिक कार्योंके संचालन में बदलाव देखने को मिलेगा।

भारी बारिश से बांध-तालाब उफनाए, उटारी के 5 और कचनौंदा के 3 गेट खोले

बक्षसागर तालाब का जलस्तर छह फीट पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में लगातार हो रही तेज बारिश से नदी, बांध और तालाबों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जलस्तर बढऩे के बाद संबंधित विभागों और प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। उटारी और कचनौंदा बांधों में पानी अधिक होने के कारण अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए गेट खोल दिए गए हैं। वहीं बार क्षेत्र स्थित बक्षसागर तालाब का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे आसपास के लोगों में चिंता बनी हुई है।

लगातार बारिश के चलते उटारी बांध का जलस्तर बढऩे पर अधिकारियों ने बांध के सभी पांच गेट खोल दिए हैं। गेट खोले जाने के बाद बांध से अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। इससे निचले क्षेत्रों में पानी का बहाव बढ़ गया है। संबंधित विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और जलस्तर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।इसी तरह कचनौंदा बांध में भी पानी की आवक लगातार बढऩे के बाद जलस्तर काफी ऊपर पहुंच गया। स्थिति को देखते हुए देर रात बांध के तीन गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी शुरू की गई।

बांध से पानी छोड़े जाने के बाद आसपास के निचले इलाकों में जलप्रवाह बढऩे की संभावना को देखते हुए निगरानी की जा रही है।बार क्षेत्र में स्थित बक्षसागर तालाब का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में तालाब का जलस्तर करीब छह फीट तक पहुंच गया है, जबकि इसकी कुल जलधारण क्षमता लगभग नौ फीट बताई जा रही है। लगातार बारिश जारी रहने से जलस्तर में और वृद्धि की आशंका बनी हुई है।पिछले वर्ष भी बक्षसागर तालाब का जलस्तर बढऩे के बाद इसके फटने का खतरा उत्पन्न हो गया था। ऐसे में इस बार भी प्रशासन और संबंधित विभाग तालाब के जलस्तर पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। जलस्तर में किसी तरह की अप्रत्याशित वृद्धि होने पर समय रहते आवश्यक कदम उठाने की तैयारी की जा रही है।बांधों के गेट खोले जाने और लगातार बारिश के बीच प्रशासन ने निचले इलाकों एवं जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। लोगों को अनावश्यक रूप से नदी, नाले, बांधों और जलभराव वाले स्थानों के आसपास नहीं जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने का आग्रह किया गया है।लगातार बारिश के कारण जिले में जलस्रोतों का जलस्तर बढऩे से प्रशासन के सामने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती बढ़ गई है। फिलहाल संबंधित विभाग बांधों और तालाबों की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

कार ने बाइक को टक्कर मारी थी, 5 माह की गर्भवती महिला गंभीर घायल हुई थी

एसीजेएम के आदेश पर 16 माह बाद अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। महरौनी कस्बे में सौजना रोड पर करीब 16 माह पहले हुए सड़क हादसे के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अब अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से कार चलाते हुए चालक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी थी।

हादसे में बाइक पर सवार पांच माह की गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसके सिर, कंधे और कान में चोटें आईं तथा हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। ग्राम बरौदी नकीब, थाना पाली निवासी विश्वनाथ सिंह पुत्र स्व. करन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल 2025 की शाम करीब सात बजे वह अपनी पत्नी रागिनी के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 सी 6900 से म.प्र. जिला सागर के थाना शाहगढ़ के ग्राम मरौली में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। जब दंपती महरौनी कस्बे में सौजना रोड पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही मारुति सुजुकी कार संख्या यू.पी.94 ए.एच.0472 के चालक ने कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर पड़े। विश्वनाथ के मुताबिक, हादसे में उसकी पत्नी रागिनी, जो उस समय करीब पांच माह की गर्भवती थी, को गंभीर चोटें आईं। उसके सिर, कंधे और कान में चोट लगी तथा हाथ में फ्रैक्चर हो गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी पत्नी परिजनों को भी ठीक से पहचान नहीं पा रही थी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला चिकित्सालय ललितपुर रेफर किया, जहां से महिला को बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वादी का आरोप है कि घटना के बाद उसने महरौनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

क्षतिग्रस्त मकानों के सर्वे और मुआवजे को लेकर सक्रियता

झांसी-जालौन-ललितपुर क्षेत्र के प्रधानों को सूचना देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

लगातार बारिश के चलते गांवों में क्षतिग्रस्त हुए मकानों के सर्वे और प्रभावित परिवारों को सहायता दिलाने को लेकर उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने पहल की है। उन्होंने झांसी-जालौन-ललितपुर क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों को पत्र जारी कर क्षतिग्रस्त मकानों की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की अपील की है। एमएलसी रमा निरंजन ने अपने पत्र में प्रधानों से कहा है कि उनके गांव में जिन मकानों को बारिश अथवा अन्य कारणों से क्षति पहुंची है, उनकी जानकारी तत्काल संबंधित लेखपाल और कानूनगो को दी जाए, ताकि प्रभावित मकानों का सर्वे कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं सहायता की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर सूचना देने के बावजूद समय से कोई कार्रवाई नहीं होती है तो प्रधान अथवा ग्रामीण सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें ग्राम का नाम, तहसील, ब्लॉक तथा अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना होगा। एमएलसी रमा निरंजन ने आश्वासन दिया कि प्राप्त जानकारी के आधार पर वह संबंधित जिलाधिकारी से स्वयं वार्ता करेंगी और क्षतिग्रस्त मकानों के सर्वे तथा पात्र प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने प्रधानों और ग्रामीणों से अपील की है कि बारिश से हुए नुकसान की सूचना देने में लापरवाही न बरतें और प्रभावित मकानों की जानकारी समय से प्रशासन तक पहुंचाएं, जिससे जरूरतमंद परिवारों को राहत उपलब्ध कराने की कार्रवाई समयबद्ध तरीके से हो सके। एमएलसी द्वारा यह पत्र 26 अगस्त को जारी किया गया है।

लगातार बारिश में 100 साल पुरानी जर्जर इमारत का हिस्सा ढहा

मलबा गिरने से एक व्यक्ति घायल, हादसे के बाद दुकानदारों ने उठाई भवन गिराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के सबसे व्यस्त और घनी आबादी वाले कटरा बाजार की महाकाली लाइन के पास गुरुवार को लगातार हो रही बारिश के बीच करीब 100 वर्ष पुरानी जर्जर इमारत का एक हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया। इमारत में लंबे समय से दुकानें संचालित होती रही हैं। भवन का हिस्सा गिरने से आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों के अनुसार, मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के सिर/शरीर पर करीब चार से पांच टांके लगाए जाने की बात सामने आई है। बताया गया कि कटरा बाजार की महाकाली लाइन के पास स्थित यह पुरानी इमारत करीब एक सदी पुरानी है। लगातार बारिश के चलते भवन की जर्जर हालत और अधिक खराब हो गई।

गुरुवार को अचानक इमारत का एक हिस्सा ढह गया और उसका मलबा नीचे आ गिरा। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के समय बाजार में आवागमन बना हुआ था। मलबा गिरने से एक व्यक्ति इसकी चपेट में आ गया और उसे चोटें आईं। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके उपचार के दौरान करीब चार से पांच टांके आने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय दुकानदारों और लोगों का कहना है कि यह इलाका शहर के सबसे व्यस्ततम बाजारों में शामिल है।



दिनभर यहां बड़ी संख्या में दुकानदार, ग्राहक और राहगीरों की आवाजाही रहती है। ऐसे में जर्जर इमारत का कोई और हिस्सा गिरने की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि भवन काफी पुराना होने के साथ ही लंबे समय से जर्जर हालत में है। लगातार बारिश के कारण इसकी स्थिति और चिंताजनक हो गई है। गुरुवार को हुए हादसे ने इस आशंका को और मजबूत कर दिया है कि समय रहते यदि आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में जनहानि हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पुरानी इमारत में बीते कई वर्षों से कुछ दुकानों का संचालन होता रहा है। हालांकि वर्तमान समय में कई दुकानें खाली बताई जा रही हैं। इसके बावजूद भवन को गिराने की कार्रवाई में विभिन्न स्तरों पर परेशानी सामने आ रही है। दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन को भवन की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कराकर यह तय करना चाहिए कि इमारत लोगों के लिए सुरक्षित है या नहीं। यदि भवन असुरक्षित पाया जाता है तो नियमानुसार उसे गिराने अथवा आवश्यक सुरक्षा कार्रवाई करने की जरूरत है। गुरुवार को इमारत का हिस्सा गिरने की घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह स्थान घनी आबादी और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले बाजार के बीच स्थित है। ऐसे में यदि इमारत का कोई बड़ा हिस्सा अचानक गिरता है तो कई लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जर्जर भवन का तकनीकी निरीक्षण कराए और यदि भवन खतरनाक स्थिति में है तो जनहित में समय रहते उसे हटाने की कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि किसी बड़े हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले ही एहतियाती कदम उठाना जरूरी है। गुरुवार को हुए हादसे ने कटरा बाजार की इस पुरानी इमारत को लेकर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि मलबा गिरने से एक व्यक्ति का घायल होना चेतावनी के तौर पर देखा जाना चाहिए। यदि बारिश के दौरान इमारत का कोई और हिस्सा गिरता है तो आसपास मौजूद दुकानदारों, ग्राहकों और राहगीरों को गंभीर खतरा हो सकता है।

पुलिस की बड़ी सफलता, 10 राज्यों में 30 हजार किमी पीछा किया

पहले झांसे में लेकर कुछ रुपए डबल किए फिर एक साथ ठगे 2 करोड़, 14 पकड़ाए

1 करोड़ 73 लाख नकद, 4 लग्जरी वाहन, 19 मोबाइल फोन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



व्यापारियों को कम समय में रुपए डबल करने का झांसा देकर ठगी करनी वाली अंतराज्जीय गैंग को राजगढ़ पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई है। जुलाई माह में ब्यावरा के एक व्यापारी के साथ हुई करीब 2 करोड़ की ठगी मामले में पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 करोड़ 71 लाख रुपए नकद, चार लग्जरी वाहन, 19 एंड्राईड फोन जब्त किए हैं। बदमाश इतने शातिर थे कि पहले वे संबंधित का भरोसा जीतते थे और कुछ रकम दौगनी करके दे भी देते थे। जब व्यापारी या सामने वाला व्यक्ति ब्रेन वाश कर देता था तो आरोपी एक बड़ी रकम ठग कर फरार हो जाया करते थे और फिर उनका कोई अता-पता नहीं लगता था।

इस तरह ब्यावरा के व्यापारी से ठगे से 2 करोड़ रुपए

आरोपियों द्वारा व्यापारा मंडी व्यापारी दिनेश पालीवाल को 2 करोड़ रुपए निवेश करने पर राशि दौगनी करने का झांसा दिया गया। पहले कुछ राशि डबल करके दे भी दी गई ताकि पालीवाल का विश्वास जीता जा सके। एक दिन फरियादी से 2 करोड़ नकद लेकर एवं फर्जी भुगतान संदेश दिखाकर भ्रमित किया गया। बाद में आरोपी रफूचक्कर हो गए। विवेचना टीम में 50 से अधिक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी शामिल किए गए। आरोपियों की मूवमेंट एवं आपसी कनेक्शन की कड़ियां जोड़ने के लिए अलग-अलग राज्यों में करीब 3 हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पुलिस टीमों ने लगभग 30 हजार किमी की दूरी तय करते हुए करीब 35 दिनों तक विभिन्न राज्यों से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरोह के सदस्यों की भूमिका एवं घटना का क्रम

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से फरियादी को कंपनी में निवेश के नाम पर विश्वास में लेकर राशि देने के लिए तैयार किया। माधव असोरे जो कंपनी कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहा था तथा सुजीत टेम्बेकर एवं साहिल नीसवाडे ने फरियादी की तलाश एवं पहचान कर उसे गिरोह के संपर्क में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद प्रफुल्ल गजभिये एवं सचित कामले ने कंपनी के एजेंट के रूप में, दिनेश वीरानी ने कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में तथा वासुदेव गाडेकर ने कंपनी के डायरेक्टर के रूप में स्वयं को प्रस्तुत कर फरियादी से मुलाकात की। फरियादी को विश्वास में लेने के लिए भोपाल एवं ब्यावरा स्थित होटल प्रेसिडेंट एवं होटल रेडिएंट में आरोपियों द्वारा मुलाकात एवं बातचीत की गई। भोपाल के जहांगीराबाद स्थित बाबूलाल कांतीलाल कोरियर ऑफिस पर फरियादी से 2 करोड़ की नकद राशि प्राप्त की गई।

अन्य राज्यों की पुलिस की भी मिली मदद

उक्त संपूर्ण कार्रवाई में जिला राजगढ़ पुलिस की विशेष टीम के साथ-साथ मुंबई, नांदेड़, लातुर, भदौही, पुणे, हैदराबाद, केरल, तेलंगाना, भोपाल सिटी पुलिस ने सभी आरोपीगणों की गिरफ्तारी एवं ठगी गई राशि की बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

ऐसे काम करता था गिरोह

- कार्यप्रणाली कई स्तरों में बंटी हुई थी।
- पहला स्तर मालदार पर जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित करना।
- दूसरा पीड़ित का विश्वास जीतना।
- ई-मेल, स्वीकृति-पत्र और भुगतान संदेश दिखाकर निवेश को वास्तविक सिद्ध करना।
- पीड़ित से अधिकतम नकद राशि लेना ताकि बैंकिंग रिकार्ड न मिले।
- नकद राशि को हवाला नेटवर्क से अलग-अलग व्यक्तियों और शहरों तक पहुँचाना।
- गिरोह आपस में राशि बांटकर सिम और मोबाइल बदल दिया करते थे।

ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

शक्कर की पुड़िया देकर एसडीएम को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

देश में इन दिनों शक्कर के दाम काफी तेजी से बढ रहे हैं। आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही शक्कर सहित अन्य किराना सामानों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को अलग तरह से प्रदर्शन किया गया। सभी इंकाजन नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और सांकेतिक रूप से शक्कर, दाल व अन्य किराने के सामानों की पुड़ियाएं एसडीएम को देकर राज्यपाल के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा। ब्लॉक इंकाध्यक्ष महेंद्र पंवार सहित पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में मांग रखी गई कि लगातार बढ़ रहे किराना सामानों के दामों पर तुरंत नियंत्रण पाया जाए। चीनी की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के प्रयास तेज करें साथ ही बढ़े हुए बिजली के दामों से घरेलू उपभोक्ता एवं किसानों को राहत देते हुए 120 रुपए पेट्रोल की कीमत को तत्काल कम करते हुए आमजनों को राहत दी जाए।

स्थानीय समस्याओं का भी तत्काल हो निराकरण

ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि किसानों के लिए बिजली, खाद, बीज एवं कृषि संबंधी आवश्यक सामानों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए साथ ही राजगढ़ जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं का का तत्काल निराकरण करवाया जाए। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष हेमंत सिसोदिया, ईश्वर सिंह, नयन विजयवर्गीय, राशिद जमील सहित अन्य उपस्थित थे।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

चाय-शक्कर भेंट कर जताया विरोध, बिजली बिल और गैस की किल्लत पर सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई, बिजली के बढ़े हुए बिल, बस किराए में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम एसडीएम जय सिंह सौलंकी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप चाय और शक्कर भेंट की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के आदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और यहां की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि एवं किसानों पर निर्भर है। किसानों को फसल बीमा और मुआवजे का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है तथा उन्हें अपनी उपज के उचित दाम का इंतजार है।वही ज्ञापन में कहा गया कि रक्षाबंधन जैसे पर्व के समय महंगाई ने आम आदमी की परेशानी बढ़ा दी है। शक्कर के दाम बढ़ने, बस किराए में वृद्धि और गैस सिलेंडर की किल्लत के कारण गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस ने लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 3000 रुपए प्रतिमाह करने की मांग भी उठाई। कांग्रेस नेताओं ने बिजली विभाग पर अघोषित कटौती और स्मार्ट मीटर के माध्यम से अधिक बिजली बिल दिए जाने का आरोप लगाते हुए राहत की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्युत व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस विद्युत मंडल का घेराव कर आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आशा भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख बहादुर भाई के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अब्बीद हुसैन लोदी, पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सुरावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप सादानी, प्रमोद सादानी, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम मालवीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बारिश के बीच प्रदर्शन, छतरी में ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम

महाविद्यालयों की दुर्दशा पर अभाविप ने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरुवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया गया। राजगढ़ मुख्यालय पर मूसलाधार बारिश के बीच एबीवीपी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बारिश के चलते राजगढ़ एसडीएम छाता लगाकर प्रदर्शन स्थल पहुंचे और छात्रों की मांगे और समस्याएं सुनते हुए उन्हें शासन तक भिजवाने की बात कही। एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि अनेक शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाओं, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाओं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं।

आगे भी जारी रहेगा हमारा आंदोलन

अभाविप के राजगढ़ जिला संयोजक शुभम शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक माध्यमों से मांगों के पूर्ण होने तक अभाविप का यह अभियान जारी रहेगा। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए इन समस्याओं का तत्काल समाधान आवश्यक है। इस अवसर पर कुलदीप सिंगी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुंदडा कॉलोनी में नाली बनी, सड़क अधूरी रहने से रहवासियों के साथ स्कूली बच्चे ज्यादा परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद की अनियमितताओं विकास कार्य ,रोड़ निर्माण नालीयों की साफ-सफाई जैसी मुलभुत सुविधाओं को लेकर समस्याएं बनीं रहना आम बात है। विकास के इन दावों की पोल स्पष्ट रूप से खुलती नजर आ रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 12 में मुंदड़ा कॉलोनी के यहां कल्प वृक्ष के सामने पानी निकासी के लिए नाली तो बना दि गई, लेकिन सड़क को कच्चा और कीचड़ भरा ही छोड़ दिया गया। जिससे उस क्षेत्र में रहवासियों और स्कूली बच्चों को ज्यादा परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार इस कच्ची सड़क से करीब 15 से 20 परिवार रोजाना गुजरते हैं। बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। पूरी सड़क पर कीचड़ जमा है, जिससे दुपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चे इसी कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार बच्चे कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बुजुर्गों और महिलाओं को भी घर से निकलने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी वार्ड के फलोदी कालोनी की एक गली का हिस्सा नगर परिषद की मनमानी का शिकार बना हुआ है जहां पर सीमेंट कांक्रीट रोड़ नहीं बना कर रहवासियों को परेशानी से जुझना पड़ रहा है जबकि वहां के रहवासियों ने शासन को शिकायत 181 पर दर्ज करा रखी लेकिन नगर परिषद के सीएमओ एवं उपयंत्री को 181 का भी कोई डर नहीं है।

इनका कहना है...

यह इंटरनल एरिया है, नियम में यहा सीसी रोड का प्रावधान नहीं है। हालांकि कॉलोनी काटने वालों से बात कर जल्द ही रोड बनवाई जाएगी।

ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री नगर परिषद जीरापुर

30 को देशभर के 2000 जिनालयों में होगा शुद्धिकरण अभियान

जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ व नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 16वें वर्ष में प्रवेश करेगा अभियान

नाहरगढ़ /मंदसौर

जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पर्युषण महापर्व के देशभर में जिनालय शुद्धिकरण का अभियान 30 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत भारत के विभिन्न राज्यों में लगभग 2,000 जैन जिनालयों का शुद्धिकरण एवं स्वच्छता कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिनालय शुद्धिकरण का यह पावन अभियान आचार्य भगवंत नवरत्न सागर सूरिश्वरजी महाराज साहब की प्रेरणा से और युवा हृदयसम्राट आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वरजी मा. के मार्गदर्शन में वर्ष 2011 में प्रारंभ हुआ था। निरंतर श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ आगे बढ़ते हुए यह अभियान अब अपने 16वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और आज एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप ले चुका है।

अनेक राज्यों में श्रद्धा एवं उमंग के साथ आयोजनः अभियान के तहत गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक राज्यों में जिनालय शुद्धिकरण का कार्य श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाता है। इसमें जिन मंदिरों की विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ जिनालय की साज-सज्जा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को भी व्यवस्थित किया जाता है।

औषधीय विधि से प्रतिमाओं का विलेपनः इस अभियान की विशेषता यह है कि जिनालय की स्वच्छता के साथ धातु एवं पाषाण की जिन प्रतिमाओं का औषधीय द्रव्यों से विलेपन भी किया जाता है। इस पवित्र कार्य के लिए आवश्यक सामग्री की विशेष किट तैयार कर विभिन्न जिन मंदिरों तक पहुंचाई जाती है। नवरत्न परिवार के कार्यकर्ता गांव-गांव एवं विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इन किटों का वितरण भी करते हैं, ताकि अधिक से अधिक जिनालय इस अभियान से जुड़ सकें।

नवरत्न परिवार जिनालयों की पवित्रता, स्वच्छता एवं धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के लिए ऐसे पुनीत कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्युषण महापर्व जैन समाज का प्रमुख आध्यात्मिक पर्व है। इसके पूर्व जिनालय शुद्धिकरण अभियान के माध्यम से वातावरण को स्वच्छ एवं आध्यात्मिक बनाने के साथ श्रद्धालुओं में आराधना, भक्ति, तप और धार्मिक चेतना का भाव जागृत किया जाता है।

भव्य ग्लोबल स्कूल में मना रक्षाबंधन पर्व

राखी मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षा लववंशी रहीं प्रथम





हरिभूमि न्यूज. लखनवास। भव्य ग्लोबल स्कूल में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विशेष समारोह एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों से अत्यंत आकर्षक और सुंदर राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता के परिणामों में: प्रथम स्थानः शिक्षा लववंशी, द्वितीय स्थानः आयशा लववंशी, तृतीय स्थानः राधा लववंशी। प्रतियोगिता के बाद आयोजित सांस्कृतिक गतिविधि में छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई राखियां भाइयों की कलाई पर बांधीं, उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी बच्चों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भाई-बहन के इस पावन रिश्ते का जश्न धूमधाम से मनाया। स्कूल प्रबंधन ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रबंधन ने कहा कि भव्य ग्लोबल स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित व सुचारू रूप से संचालन किया जाता है, जिससे बच्चे अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर लिया संरक्षण का संकल्प

पीएम कॉलेज में आयोजित हुआ 'पेड़ को राखी' प्रकृति से भाईचारा' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



रक्षाबंधन पर्व को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार देने तथा जल, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को 'पेड़ को राखी' प्रकृति से भाईचारा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त 2026 के अवसर पर सामाजिक रिश्तों को प्रकृति से जोड़ते हुए जल, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेने तथा विभिन्न वर्गों को इस अभियान से जोड़ने के लिए 'एक राखी' एक संकल्प, रक्षासूत्र एक राखी एक रिश्ता एवं पेड़ को राखी प्रकृति से भाईचारा जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 15 फूलदार चांदनी के पौधों का रोपण भी किया गया। स्वयंसेवकों ने पौधों की देखभाल एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार भाई-बहन के रिश्ते में रक्षा का संकल्प महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार प्रकृति और वृक्षों की रक्षा करना भी हम सभी का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। रक्षाबंधन जैसे पर्व को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इतिहास विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ऊषा अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सदैव परिवार का अभिन्न अंग माना गया है। पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधना प्रकृति के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और संरक्षण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधे की जिम्मेदारी लेकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया।

ईमानदारी की मिसाल पेश की, सम्मान किया

दो लाख कीमती आभूषण से भरा बैग मिला, पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



माचलपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए सड़क पर मिला कीमती सामान से भरा बैग पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बैग में करीब 2 लाख रुपये कीमत के आभूषण एवं 1700 रुपए नकद सहित अन्य सामान रखा था। जानकारी के अनुसार ग्राम गाड़िया निवासी कोमल एवं पूजा पिता श्यामपुरी गोस्वामी अपनी स्कूटी से गागोरनी की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रावण बड़ली, माचलपुर के पास उनका एक बैग स्कूटी से गिर गया। बैग में दो मंगलसूत्र, पायजेब, 1700 रुपए नकद सहित अन्य कीमती सामान था। इसी दौरान ग्राम ब्राह्मण गांव निवासी सीयाराम पिता मनोहरलाल दांगी को सड़क पर पड़ा बैग मिला। सियाराम ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बैग को अपने पास रखने के बजाय माचलपुर थाना पुलिस को सौंप दिया। इधर फरियादी द्वारा थाना जीरापुर में बैग गुम होने की सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए फरियादी से फोन पर संपर्क किया और उन्हें माचलपुर थाने बुलाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उनका सामान उन्हें वापस सौंप दिया। सामान सुरक्षित मिलने पर फरियादी ने पुलिस एवं बैग थाने में जमा कराने वाले सियाराम दांगी का आभार जताया। वहीं, माचलपुर थाना पुलिस द्वारा सियाराम दांगी का स्वागत एवं सम्मान कर उनकी ईमानदारी की सराहना की गई।

चलती कार में लगी आग, बड़ी दुर्घटना टली



कुरावर। नगर के खेड़ी मोहल्ले स्थित कुरावर-कालापीपल मार्ग पर गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक शिफ्ट डिजायर कार में अचानक आग लग गई। कार क्रमांक एमपी 04 सीएफ 0421 को कुछ युवक धक्का मारकर और बार-बार सेल्फ करके स्टार्ट करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कार में आग भड़क उठी और देखते ही देखते कार बुरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा नगर परिषद की अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। कार में आग लगने के कारण कुरावर और कालापीपल दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली।